# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
**JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI**

## कक्षा 08 की बोर्ड परीक्षा, 2026 से संबंधित आवश्यक सूचना

**विज्ञप्ति संख्या – 53/2025**

एतद् द्वारा संबंधित सभी परीक्षार्थियों, उनके अभिभावकों, संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि कक्षा आठ की बोर्ड परीक्षा, 2026 के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन भराया जायेगा। परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने से संबंधित सभी निर्देश परिषद् के वेबसाईट पर उपलब्ध है। उक्त का अवलोकन कर परीक्षा आवेदन प्रपत्र ससमय भरना सुनिश्चित करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा अनुमोदित विद्यालयों के छात्र/छात्राएँ ही कक्षा आठ की परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने योग्य माने जायेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा अनुमोदन (Online approval) के उपरान्त कक्षा आठ की परीक्षा के लिए ऑनलाइन प्रपत्र भरने हेतु पूर्व में उपलब्ध कराये गये User ID एवं Password का उपयोग करते हुए परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरा जा सकेगा। नये विद्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के माध्यम से User ID एवं Password प्राप्ति हेतु परिषद् से अनुरोध करेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा विद्यालय को सभी निर्धारित शर्त्तों की पूर्ति के आलोक में परिषद् के पोर्टल में अनुमोदन दिया जाना आवश्यक होगा। विद्यालय प्रधान User ID एवं Password का ही उपयोग कर निम्न कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरेंगे :–

- **जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा ऑनलाइन माध्यम से विद्यालय को अनुमोदित करने की तिथि – 19.12.2025 से 23.12.2025 तक ।**
- **ऑनलाईन परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा करने की तिथि – 23.12.2025 से 16.01.2026 तक ।**

परीक्षा से संबंधित कार्यक्रम बाद में प्रकाशित की जाएगी।

अध्यक्ष के आदेश से,

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।

JAC/Gop./6059/25-Secy/1205/25
Dated- 18.12.2025